तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **नरेश चौहान** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353579568290433	नं व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
22/05/26	अपीलार्थी नरेश चौहान निवासी बेरा बालियांवास रोड़, बिलाड़ा, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 24.04.2026 नगरपालिका बिलाड़ा द्वारा जारी नोटिस दिनांक 22.04.2026 एवं भवन निर्माण प्रकरण के संबंध में जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी एवं नगरपालिका बिलाडा के अधिशासी अधिकारी द्वारा जारी नोटिस दिनांक 22.04.2026 तथा प्रार्थी के भवन निर्माण प्रकरण के संबंध में जिला कलक्टर कार्यालय द्वारा प्राप्त पत्राचार, शिकायत एवं उस पर की गई कार्यवाही की जानकारी मांगी गई है। विस्तृत बिंदुवार सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट 662 दिनांक 08.05.2026 द्वारा अवगत करवाया की अपीलार्थी को वांछित सूचना प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्यवाही बाबत् कार्यालय हाजा के पत्र दिनांक 01.05.2026 से सूचित किया जा चुका है। अतः उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (आलोक रंजन) जिला कलक्टर, जोधपुर	

RajKaj Ref No.:
22407249
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Alok Ranjan
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.25 15:32:32 IST
Reason: Approved